30-06-2020

कोविड-19 पर वेबिनार आयोजित

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत डी० ए० वी० कॉलेज, अम्बाला शहर और गर्वमेंट डिग्री कॉलेज, जहीराबाद के संयुक्त तत्वाधान में एक वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार का विषय कोविड-19 पर जागरुकता रहा। डी० ए० वी० कॉलेज के प्राचार्य राजेश शर्मा (अध्यक्ष) ने वेबिनार के विषय पर टिप्पणी करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के दौर में हमें सावधानियां बरतते हुए एकता और अखण्डता का परिचय देना है और भ्रांतियों की बजाय सही जानकारी समय की मांग है। डॉ० चंद्रा मुखर्जी, प्राचार्य, गर्वमेंट डिग्री कॉलेज ने वक्ताओं- डॉ० विषम भिमुल, चिकित्सक, त्रिनिदाद और टोबैगो और डॉ० सैयद सलाउद्दीन, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू विश्वविद्यालय, हैदराबाद से परिचित कराया। डॉ० विषम भिमुल ने कोरोना वायरस से सुरक्षित रहने के लिए सावधानियों के बारे में बताया। डॉ० सैयद ने कोरोना वायरस से जुड़ी भ्रांतियो के बारे में बताते हुए इस वायरस की संरचना और कोरोना की विषम परिस्थितियों में विज्ञान और तकनीक की दिशा में शोध की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ० गरिमा सुमरान, डी० ए० वी० कॉलेज व डा० आयशा बेगम, गर्वमेंट डिग्री कॉलेज कार्यक्रम के संयोजक रहे। इस वेबिनार मे 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रो० राजीव महाजन, नोडल आफिसर रुसा, डी० ए० वी० कॉलेज ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से जुड़े लोगों, सभी प्रतिभागियों एवं मुख्य वक्ताओं का धन्यवाद किया।

Scanned with CamScanner